2021

HINDI

(Commerce Group)

Full Marks : 50

The figures in the margin indicate full marks.
Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

1. निम्नलिखित गद्यांश से संबद्ध प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

"ऊपर की सतह पर जितना भी कोलाहल और उथल-पुथल क्यों न दिखाई दे रही हो, नीचे शांत अचंचल गाम्भीर्य में अब भी भारत महान है, अनुकरणीय है। यह सही है कि इन दिनों कुछ ऐसा माहौल बन गया है कि ईमानदारी से मेहनत करके जीविका चलानेवाले निरीह और भोले-भाले श्रमजीवी पिस रहे हैं, झूठ और फरेब का रोजगार करनेवाले फल-फूल रहे हैं। ईमानदारी को मूर्खता का पर्याय समझा जाने लगा है, सच्चाई केवल भीरू और बेबस लोगों के हिस्से पड़ी है। ऐसी स्थिति में जीवन के महान मूल्यों के बारे में लोगों की आस्था ही हिलने लगी है।"

(क) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से उद्धृत है? इसके लेखक कौन हैं? 2

(ख) भारत 'महान' और अनुकरणीय क्यों है? 3

(ग) निरीह और भोले-भाले तथा फरेब का रोजगार करनेवाले की स्थिति में क्या अंतर है? 4

(घ) रेखांकित पंक्ति का अर्थ स्पष्ट कीजिए। 6

अथवा,

निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 5×3

(क) घीसा का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ख) 'त्रिशंकु' कहानी के उद्देश्य पर संक्षेप में विचार कीजिए।

(ग) 'मंत्र' कहानी के पात्र डा॰ चड्ढा या भगत का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(घ) पर्यावरण संरक्षण के उपायों पर विचार कीजिए।

(ङ) 'क्या निराश हुआ जाए' निबंध में लेखक के जीवन की ऐसी घटनाओं का उल्लेख कीजिए, जिससे ईमानदारी और परोपकार की भावना उजागर होती है।

(च) 'मंत्र' कहानी में भगत के बेटे की मृत्यु कैसे होती है? घटनाक्रम को रेखांकित कीजिए।

2. गंदगी और जल-जमाव की समस्या के कारण उत्पन्न हुए डेंगू बुखार के जानलेवा परिणामों पर किसी समाचार पत्र के लिए एक प्रतिवेदन लिखिए। 10

अथवा

किसी सरकारी विभाग में 'एकाउंटेन्ट' के पद पर नियुक्ति हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए। 10

3. निम्नलिखित पारिभाषिक शब्दों में से किन्हीं **पाँच** के हिन्दी रूप लिखिए : 1×5

Circular, Trademark, Bearer, Clearing Allowance, Contract, Payment, Exchange Revenue, Agenda.

4. 'हो गई है पीर पर्वत सी' कविता हमें किस प्रकार प्रेरित करती है? भावार्थ स्पष्ट करते हुए उत्तर दीजिए। 10

अथवा

'पैतृक संपत्ति' कविता की मूल-भावना को स्पष्ट कीजिए। 10

5. 'मंत्र' कहानी के माध्यम से लेखक हमें क्या शिक्षा देना चाहता है? स्पष्ट कीजिए। 10

अथवा

'भोलाराम का जीव' में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए। 10